बैसाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 17 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 146, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO 5 : BOTTOM**

# पिछले दो बार की रनरअप रही मिशन एकेडमी टूर्नामेंट से बाहर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के दो क्वार्टर फाइनल मैच हुए

**अमृत विचार:** श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 के आठवें दिन बुधवार को टूर्नामेंट के पहले दो क्वार्टर फाइनल मैच हुए। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर हुआ और पिछले दो बार की रनरअप मिशन एकेडमी टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

पहले क्वार्टर फाइनल में बासुबरल सरस्वती के कप्तान शिव प्रताप ने टॉस जीत कर मिशन एकेडमी को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। मिशन एकेडमी के प्रसाद के 16 रन के अलावा छोड़ कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंचा। सबसे ज्यादा 18 रन अतिरिक्त से मिले। टीम 16.4 ओवर में 68 रन बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बासुबरल सरस्वती की टीम ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और दो विकेट खोकर 15 ओवर में ही मैच 7 विकेट से जीत लिया। मैच में 2 विकेट लेने और नाबाद 50 रन बनाने वाले बासुबरल के कप्तान शिव प्रसाद को मैन आफ द मैच घोषित किया गया।

दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में विद्या वर्ल्ड स्कूल के कप्तान अमन कुमार ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया। अभय सक्सेना के 33, लकी के 20 और सक्षम पाठक के 58 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेक्रेड हार्ट्स की टीम 15 ओवर में 53 रन ही बना सकी और विद्या वर्ल्ड ने 117 रन से मैच जीत लिया। सेक्रेड हार्ट्स के लिए सबसे ज्यादा 14 रन शुभान ने बनाए और अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंचा। टीम को अतिरिक्त 13 रन हासिल हुए। विद्या वर्ल्ड के प्रियांशु को मैन आफ द मैच चुना गया।